>

Title: Need to give compensation to the people died when a boat capsized in Ghaghra river in Bahraich district, Uttar Pradesh.

श्री कमल किशोर 'कमांडो' (बहराइच) : सभापति जी, आज आपने मुझे एक बहुत ही इम्पार्टेंट इश्यु पर बोलने का मौका दिया। मैं बहराइच से सांसद हूं। बहराइच के किनारे से घाघरा नदी बहती है। 28 तारीख को घाघरा नदी में एक नाव डूबने से कई लोगों के गायब होने की बात सामने आई थी। वहां पांच लोगों की लाशें बरामद हुई, उस वक्त मैं वहां उपस्थित था। मैं सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि वहां के प्रभावित लोगों को आपदा राशि मिलनी चाहिए। उत्तर प्रदेश सरकार ने अपनी तरफ से कोई भी उदारता नहीं बरती।

मैं आपके माध्यम से बताना चाहूंगा कि उन्हें मिलने वाली जो भी सुविधाएं हैं, वे उत्तर प्रदेश सरकार या केन्द्र सरकार से मिलनी चाहिए। मुझे वह दिन याद आता है, जब मैं वहां पहुंचा, गूढ़देवी और बौड़ी नामक एक जगह है, उस जगह पर जब मैं पहुंचा तो मेरे आँखों में आंसू आ गए। मेरे सामने वह मरी हुई लाश बरामद करवाई गई। मैं मौके पर था। पानी में घुस कर मैंने लाश निकाली और उसको एंबुलेंस में लदवा कर भिजवाया। **...**(व्यवधान)